519(E)
21/01/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 21/01/26 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, सुपौल के अन्तर्गत Renovation work of Indo-Nepal Border Road Saraigarh (Gardhiya Chowk) to Refugee Colony in Km. 32.65 to 46.035 (Total Length-13.385 Km.) for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के वित्तीय बीड पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमाकान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री उमाशंकर प्रसाद, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं इस पर विभागीय ज्ञापांक–8619(ई०) दिनांक 23.12.2025 द्वारा संसूचित विभागीय निविदा समिति का निर्णय तदनुसार मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–18(अनु०) दिनांक–07.01.2026 के माध्यम से प्राप्त वित्तीय बीड की अनुशंसा एवं संलग्न जाँच–पत्र के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Renovation work of Indo-Nepal Border Road Saraigarh (Gardhiya Chowk) to Refugee Colony in Km. 32.65 to 46.035 (Total Length-13.385 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | कार्य का मद | : | 3054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, सुपौल। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹3434.345 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–6246(S) दिनांक–10.12.2024 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹3168.90 लाख।<br>मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–90(अनु0) दिनांक–23.01.2025 |
| 2.6 | पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹969.65 लाख।<br>मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–848(अनु०) दिनांक–27.06.2025 |
| 2.7 | अनुमोदित परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹927.48181 लाख। |
| 2.8 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 06 (Six) Months. |
| 2.9 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.10 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 11.09.2025 |
| 2.11 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | 01 (एक) अदद यथाः–<br>(i) Kailash Prasad Yadav Constructions Private Limited |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.12 | विभागीय निविदा समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग | : | प्र0–7 / निविदा–03–223 / 2025–8619(ई०) दिनांक–23.12.2025 |
| 2.13 | परिवाद की स्थिति | : | वर्त्तमान तिथि तक इस निविदा से संबंधित कोई परिवाद प्राप्त नहीं हुई है। |
| 2.14 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा है। कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सुपौल के पत्रांक–1002(अनु०) दिनांक–22.10.2025 द्वारा प्रथम बार आमंत्रित निविदा से संबंधित निविदा आमंत्रण सूचना, विज्ञापन प्राप्ति रसीद, पेपर कटिंग एवं निर्धारित तिथि को निविदा प्राप्त नहीं होने से संबंधित उपभागीय कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है। |

**3. <u>मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग का अनुशंसा (पत्रांक–18(अनु०) दिनांक–07.01.2026):–</u>**

विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर दिनांक–26.11.2025 को सम्पन्न बैठक में उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा एकल निविदाकार Kailash Prasad Yadav Constructions Private Limited को सफल घोषित करते हुए विभागीय अधिसूचना संख्या–3162(S) दिनांक–09.05.2016 एवं बिहार लोक निर्माण संहिता की कंडिका–163 के आलोक में विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु अनुशंसा के साथ उपभागीय पत्रांक–1578 दिनांक–28.11.2025 से विभाग को समर्पित की गयी। तत्पश्चात् विभागीय निविदा समिति द्वारा दिनांक–17.12.2025 को सम्पन्न बैठक में विषयाधीन कार्य के एकल निविदाकार Kailash Prasad Yadav Constructions Private Limited को तकनीकी बीड में सफल घोषित की गयी। विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा लिये गये निर्णय, जो विभागीय ज्ञापांक–8619(E) दिनांक–23.12.2025 द्वारा संसूचित है, पर निर्धारित समय सीमा के अंदर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने के उपरान्त् तकनीकी बीड में सफल एकल निविदाकार का वित्तीय बीड कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सुपौल द्वारा खोला गया है। तत्पश्चात् प्रासंगिक पत्र द्वारा विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा का वित्तीय बीड का तुलनात्मक विवरणी प्राप्त हुआ है। तकनीकी बीड में सफल एकल निविदाकार का वित्तीय बीड में निविदित राशि निम्नवत् है:–

| क्र० सं० | निविदाकार का नाम | अनुमोदित परिमाण विपत्र की राशि (Rs.) | उद्धृत दर (%) | उद्धृत दर पर राशि (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Kailash Prasad Yadav Constructions Private Limited | ₹9,27,48,181.00<br>(नौ करोड़ सत्ताईस लाख अड़तालीस हजार एक सौ इक्यासी रुपये) | परिमाण विपत्र की राशि से 9.00% (नौ दशमलव प्रतिशत) कम दर पर। | ₹8,44,00,844.71<br>(आठ करोड़ चौवालीस लाख आठ सौ चौवालीस रुपये इकहत्तर पैसे) |

उपर्युक्त विवरणीनुसार तकनीकी बीड में सफल एकल निविदाकार Kailash Prasad Yadav Constructions Private Limited का वित्तीय बीड में निविदित दर है, जो परिमाण विपत्र की राशि से 9.00% कम दर है। निविदित दर के अनुसार विषयाधीन कार्य की निविदित राशि ₹8,44,00,845.00 (आठ करोड़ चौवालीस लाख आठ सौ पैंतालीस रुपये) मात्र होती है।

उक्त के आलोक में पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल एवं वित्तीय बीड के निविदाकार Kailash Prasad Yadav Constructions Private Limited के पक्ष में पुनर्निविदा निष्पादन की अनुशंसा के साथ वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी एवं जाँच–पत्र संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित की जा रही है।

4. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

4.1 मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–18(अनु०) दिनांक–07.01.2026 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा पथ प्रमंडल, सुपौल के अन्तर्गत **Renovation work of Indo-Nepal Border Road Saraigarh (Gardhiya Chowk) to Refugee Colony in Km. 32.65 to 46.035 (Total Length-13.385 Km.) for the year 2025-26** कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल एकल निविदाकार **Kailash Prasad Yadav Constructions Private Limited** को उनके उद्धृत दर जो परिमाण विपत्र की राशि से **9.00%** (नौ दशमलव शून्य) प्रतिशत कम यानि ₹8,44,00,845.00 (आठ करोड़ चौवालीस लाख आठ सौ पैंतालीस रुपये) मात्र, पर निविदा की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4.2 यदि उक्त संवेदक पथ निर्माण विभाग में निबंधित नहीं है, तो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अधीन उनके निबंधित होने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाए।

4.3 एकरारनामा करने के पूर्व अग्रधन की राशि का सत्यापन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराना सुनिश्चित किया जाय।

4.4 निविदाकार से SBD के सुसंगत कडिकाओं के आलोक में निर्गत विभागीय पत्रांक–447(S) दिनांक–16.01.2020 में निहित प्रावधान के अन्तर्गत आवश्यक अतिरिक्त Performance Security प्राप्त करने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाय।

4.5 राशि की अंकगणितीय जाँच मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अपने स्तर से कर लिया जायेगा।

4.6 एकरारनामा होने के उपरान्त इसकी सूचना विभाग को भी उपलब्ध करायी जाय।

4.7 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को e-proc website पर प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21/01/26 | 21/01/26 | 21/01/26 | |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमाशंकर प्रसाद)<br>मुख्य अभियंता,<br>सीमाचंल उपभाग,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमाकान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–223/2025 519 (E) पटना, दिनांक 21/01/2026

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, सहरसा/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21/01/26

(उमाकान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

निर्गत शाखा
९१|०१|२६